
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026



## प्रदेश में सबसे गर्म शहरों में नांदगांव 36 पर तापमान, 3 डिग्री और चढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में अधिकतम तापमान चढ़कर अब 35.5 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। यह प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में से एक है। राजनांदगांव से अधिक तापमान केवल रायपुर में 35.6 डिग्री पर है।



### रात के तापमान में नहीं होगा बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार राजनांदगांव सहित प्रदेश के मध्य इलाकें में गर्मी बढ़ेगी। बताया गया कि अगले एक सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक का इजाफा संभावित है। हालांकि रात के तापमान में कोई बदलाव के संकेत नहीं दिए गए है। ज्ञात हो रविवार को जहां दिन का तापमान 35.5 डिग्री पर रहा, वहीं रात का तापमान 18 डिग्री पर जा पहुंचा है, इसमें बदलाव नहीं होगा।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909









## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव आयोजित

**डोंगरगांव।** पीएम श्री प्राथमिक शाला अमीलडीह में बीते दिनों वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के बच्चों ने लोक संस्कृति, धार्मिक और शिक्षाप्रद कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रस्तुति को अतिथियों और अभिभावकों ने जमकर सराहा। अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ोती, रुबीना अंजुम शामिल हुई। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप साहू ने की। विशेष अतिथि ममता पटेल, भुवन साहू, टोमन साहू, मौलेश पटेल, देवाराम साहू, निर्भय पटेल, कन्हैया साहू, दिलीप माली, खोमेश साहू, हेमू सोनकर, डीईओ प्रभाष बघेल, सतीश ब्यौहारे, आदर्श वासनिक, आरएल पात्रे, नारायणी ठाकुर, रोहित साहू और नीलम जैन थी। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

### श्याम भजनों में झूमे लोग



**डोंगरगढ़।** शनिवार को श्याम परिवार ने भगवान श्री खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या एवं 56 भोग का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर आनंद उठाया। भजनों की प्रस्तुति में लोग झूम उठे। वहीं उपस्थित महिलाएं भी अपने आप को रोक नहीं सकी और उन्होंने भी भजनों का भरपूर आनंद उठाया। आयोजन में 1000 से अधिक लोगों ने भजन में उपस्थिति दर्ज कराकर 56 भोग प्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान भजनों के साथ फूलों और गुलालों की होली देखते ही बन रही थी।

### महासभा का आयोजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मोहंदी में अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज ने वार्षिक महासभा एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। विधायक बघेल ने महासभा को संबोधित करते हुए सामाजिक एकजुटता और संगठन की शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिचय सम्मेलन को लेकर कहा कि इस तरह के आयोजन से वैवाहिक संबंध सुलभ बहोते है। विधायक ने प्रतिभावान युवाओं और वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में दुर्गेश द्विवेदी, परमानंद साहू, पुसउ वर्मा, कमल नारायण एवं आसपास के सामाजिकजन शामिल हुए।

### बैठक में पानी समस्या से निपटने बनाई गई कार्ययोजना

# दस्तक के पहले जल संकट दूर करने की नपं ने शुरू की कवायद

## मेरेगांव में दो बोर का कराया गया खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

गर्मी में गहराने वाली जल समस्या के निराकरण के लिए नगरीय निकाय ने प्रभावित वार्डों में काम करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को वार्ड एक व दो मेरेगांव बस्ती में दो बोर खनन कराया गया। बोर को जल आपूर्ति लाईन से जोडा जाएगा जिससे लोगों को आसानी से पेयजल मिल सके।

जानकारी के अनुसार ड्राई एरिया होने के कारण मेरेगांव बस्ती में साल भर पेयजल की किल्लत रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां बारिश एवं ठंड के दिनों में भी टैंकरो से जल आपूर्ति की जाती है। नागरिकों की दिक्कत को देखते हुए गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मेरेगांव बस्ती में बरगद पेड के समीप एवं बालक माध्यमिक शाला के सामने बोर खनन कराया। इस अवसर पर पार्षद खेदीबाई अमिला, सुरेश नेताम, विनोद डेहरिया उपस्थित थे। नगर पंचायत दोनों बोर को सीधे पाईप लाईन से जोडने का कार्य कर रही है।

**पीएचई से पानी की मांग**

ब्लाक के आर्सेनिक प्रभावित 25 ग्रामों में पीएचई द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि मेरेगांव सूखाग्रस्त एरिया होने के कारण यहां की टंकी को सीधे बोर से भरा नही जा सकता है इसलिए हडडी गोदाम एवं गौठान टंकी में पानी देने की मांग पीएचई से की है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि यदि दो टंकियों में पीएचई के डब्लूटीपी प्लांट से पानी मिल जाता है तो मेरेगांव से पानी की किल्लत दूर किया जा सकता है। पीएचई के एसडीओ श्री ध्रुवे ने आश्वस्त कियश्कि गर्मी के दिनों में इन टंकियो में दोनों समय पानी दिया जाएगा।



**जल संकट से निपटने की तैयारी**

गर्मी के दिनों में गहराने वाले जलसंकट के निराकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने जल विभाग के कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्ययोजना बनाई। अध्यक्ष ने पंप आपरेटरों एंव जल विभाग के कर्मचारियों के साथ करीब दो घंटे तक प्रभावित वार्डों, मोहल्लों तथा बस्तियों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से समस्या के निरकारण के लिए सुझाव लिया। नगर अध्यक्ष ने समस्या के निराकरण के लिए अभी से ही जल विभाग से जुडी सामग्री खरीदने, पुराने पंपो का मरम्मत कराने तथा जरूरत पड़ने पर नए पंपो की खरीदी के निर्देश दिए।

**कई वार्डों में जल की मारामारी**

मेरेगांव के अलावा कान्हे बस्ती सहित अन्य वार्ड में लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड रहा है। जानकारी के अनुसार नया बस स्टैंड, कबिस्तान, चीरघर की ओर आउटर कालोनियों, क्रिकेट मैदान, गायत्री मंदिर कालोनी, भगत सिंह वार्ड, परमेश्वरी नगर सहित अन्य इलाकों में गर्मी आने के पहले ही पानी की समस्या खड़ी होने लगी है।

# चावल की हेराफेरी की खुलने लगी पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

■ अब वार्ड वाईस की दुकान पर कार्रवाई

राशन दुकान से चांवल गायब होने के मामले में अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव के सख्ती दिखाने के बाद फुड अधिकारी ने वार्ड 22 की राशन दुकान से लगभग 70 क्विंटल चावल गायब होने के मामले में कार्रवाई की है। वहीं खुबाटोल राशन दुकान की गड़बड़ी उजागर होने के बाद विभागीय कार्रवाई होने पर अन्य दुकान संचालक सकपका गए है। अवैध रूप से राशन के चांवल की खरीदी करने वाले व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया है।

राशन दुकानों में लगभग 2 साल में गड़बड़ी चल रही है। इस मामले की शिकायत सामने के बाद कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं हुई है। कुछ मामलों में नोटिस जारी किया गया है किन्तु कार्रवाई लंबित है। लोगों का कहना है कि चावल की अफरातफरी के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए। जानकारी के अनुसार शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में कई राशन ऐसी दुकान हैं जहां सैकडों क्विंटल चांवल बेच कर राशि हजम कर लिया गया है।

**कार्रवाई का आश्वासन**

राशन की गड़बड़ी की पुष्टि तत्कालीन फुड इंस्पेक्टर अदित्य मिश्रा ने की थी। उन्होंने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बताया जाता है कि मार्केटिंग सोसायटी के प्रधिकृत अधिकारी ने पदस्थापना के दौरान लगभग 7 सौ क्विंटल चांवल व्यापारी एवं राईस मिलर्स को बेच दिया था और राशन दुकानो में कई महीने तक स्टाक बता कर फर्जीवाडा किया था। कुछ अन्य राशन दुकान से चावल गायब होने के मामले को अधिकारियों ने राशि जमा करवाकर रफा दफा कर दिया है।

## फाग गायन एवं झांकी स्पर्धा 5 को

**डोंगरगांव।** ग्राम सांगिनकछार में एक दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन आगामी 5 मार्च को रखा गया है। यह आयोजन श्री राधा कृष्णा नवयुवक फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में रखा गया है। ग्राम के जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि झांकी पक्ष में विजेताओं को क्रमशः 3001, 2500, 2000, 1600, 1000, रचना पक्ष में 2600, 2000, 1600, 1100, 700, 500 एवं प्रथम मंच मंडली को 301 रूपए दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क झांकी का 251 एवं रचना पक्ष का 201रुपए है।

# 34 सौ किसानों के खाते में 119 करोड़ रुपए जमा

## आदान सहायता राशि का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं किसान सम्मेलन का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया।

कार्यक्रम में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत विकासखंड के 34392 किसानों के खाते में 119.8779 करोड़ रूपए जमा किया गया।

कार्यक्रम में धान विक्रय करने वाले अधिकतम एवं न्यूनतम रकबा वाले कृषकों तथा धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों को शॉल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कलीराम को मिला सात लाख**

कार्यक्रम में जोशीलमती के यादव राम साहू ने प्राकृतिक खेती के संबंध में अपने अनुभव साझा किया और अन्य को प्राकृतिक खेती करने प्रेरित किया। केशाल के उमाशंकर चंद्रवंशी ने जैविक खेती के संबंध में बताया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत बापूटोला के कलीराम धनकर को 785720 रूपए का चेक प्रदान किया गया।



**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, पूर्व जिपं अध्यक्ष गीता साहू, जिपं सदस्य बिरमबाई मंडावी, गोपाल सिंह भुआर्य, उत्तराबाई निषाद, उभेराम मंडावी, रेखाबाई गंधर्व, चुनियाबाई कंवर, सुनीता सेवता, राधिकाबाई चंद्रवंशी, भानबाई मंडावी, लक्ष्मीबाई मंडावी, भारती देवांगन, खिलेश्वर साहू, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, सहायक संचालक कृषि संध्या कोचरे, तहसीलदार आकांक्षा साहू, प्रबंधक जिला सहकारी बैंक छुरिया एवं गेंदाटोला, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीपी सहाडे आदि मौजूद थे।

# ठगी का आरोपी सोशल मीडिया पर सक्रिय, पुलिस की दबिश तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने भिलाई के भाजपा नेता जयप्रकाश यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इस मामले में देवेंद्र गोरले की गिरफ्तारी के बाद से जयप्रकाश यादव फरार हो गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगा। शुक्रवार को मामले ने तब नया मोड़ तब अया जब इंस्टाग्राम पर जयप्रकाश यादव ने नई आईडी से वीडियो पोस्ट किया। हालांकि शाम को इस पोस्ट डिलीट कर दिया गया और संबंधित आईडी भी प्लेटफॉर्म पर दिखाई नहीं दी।

**एक गिरफ्तार, एक फरार**

पुलिस मुख्य आरोपी को फरार बता रही है जबकि एक को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि नौकरी के नाम पर लाखों वसूलने के मामले में पुलिस ने धारा 34 एवं 420 के तहत मामला दर्ज किया है। अब तक पांच शिकायतकर्ता ने करीब 11 लाख की ठगी की शिकायत की है जबकि क्षेत्र में 50 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की चर्चा है। थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि मुख्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश लगातार की जा रही है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी है। आरोपी की गतिविधियों पर पुलिस की नजर बनी हुई है।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई से परहेज



**डोंगरगढ़।** नगर में अवैध कब्जे के मामले लगातार सामने आ रहे है। लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करने के बिना अनुमति के निर्माण करा रहे है। इस तरह के मामले में कार्यवाही करने के बजाए पालिका के अधिकारी नोटिस जारी कर दिखावा कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पालिका जनप्रतिनिधि और अधिकारी की सांठगांठ से शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों ने करोडो कमा लिए है। जयस्तंभ चौक से लगे अग्रसेन चौक, अस्पताल चौक से लगे नाले की जमीन पर कब्जा होने के बाद पालिका अधिकारी ने नोटिस जारी किया था। नोटिस जारी होने के बाद फैक्ट्री मालिक ने नाली पर कब्जा कर निर्माण शुरू कर दिया।

# पेंडरवानी-चिलगुड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी लंबित मांग अब हुई पूरी

**गंडई पंडरिया।** वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पेंडरवानी से चिलगुड़ा और शक्तिघाट तक की जर्जर सड़क, जो वर्षों से ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी, अब जल्द ही चकाचक होने वाली है। बताया गया कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के विशेष प्रयासों से इस सड़क निर्माण को बजट में शामिल कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, लिमो से चिलगुड़ा तक की 6 किलोमीटर सड़क को स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका निर्माण कार्य होली के ठीक बाद शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही, चिलगुड़ा से शक्तिघाट तक की शेष 5 किलोमीटर सड़क को भी बजट में शामिल कर लिया गया है। ज्ञात हो कि यह मार्ग पूरी तरह जीर्ण-शीर्ष हो चुका था, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण लंबे समय से हर विभाग और नेताओं के चक्कर काट रहे थे, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा था। इस अवसर पर मुख्य रूप से पेंडरवानी से सरपंच पति भूपेन्द्र धुर्वे, उप सरपंच दिलेश्वर साहू, पंच दिनेश रजक, संजू साहू, भूपेन्द्र रजक, चिलगुड़ा से सरपंच लेखराम साहू, पंच ओमप्रकाश साहू, बिजेलाल धुर्वे, मोहित साहू, गिरवर धुर्वे, रोहित कोठले, प्रितलाल चंद्रवंशी, रोहणी चंद्रवंशी,एवं नेवासपुर से सरपंच आकाश बंजारे, रतन खानडेकर और दिलीप बघेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



**सिंह का जताया आभार**

सड़क की स्वीकृति की खबर मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में पेंडरवानी, चिलगुड़ा और नेवासपुर के सरपंच व ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के निवास पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

# जबरन रंग लगाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

■ शांति समिति की बैठक आयोजित

होली पर्व और रमजान माह को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। एसडीएम अविनाश ठाकुर ने नागरिकों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की विवादित स्थिति से बचना चाहिए। थाना प्रभारी शक्ति सिंह ने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने तीन सवारी वाहन चलाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नियम उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। तहसीलदार मोक्षदा देवांगन ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचना दें। होली के दौरान जबरन रंग न लगाने और आपसी सम्मान बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में सज्जाक खान, नीलम वैष्णव, सन्नी महोबिया, अंकित महोबिया, विक्रांत चंद्राकर, कौसन कोसरे, नवनीत जैन, शेख निजामुद्दीन, शेख इब्राहिम, आशु खान, प्रशांत चंद्राकर, अनिमेष महोबिया, अर्जुन महोबिया, संजय आदि उपस्थित थे।



## छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र स्थापित

# पान की विलुप्त होती खेती को नया जीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

विकासखंड छुईखदान में पूर्व में पान की खेती व्यापक रूप से की जाती थी, किन्तु तकनीकी मार्गदर्शन के अभाव एवं आवश्यक मटेरियल की अनुपलब्धता के कारण यह खेती विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। पान की इस पारंपरिक फसल को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 2023-24 में पान अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की थी। यह केन्द्र रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय में स्थापित किया गया है।

जानकारी के अनुसार पान उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शेडनेट हाउस अधोसंरचना निर्माण हेतु 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। वर्तमान में 7 कृषकों ने 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में शेडनेट हाउस का निर्माण कराया गया है, जिसके लिए प्रति कृषक 1.77 लाख का अनुदान उद्यानिकी विभाग ने दिया है। जिसमें से 6 कृषक वर्तमान में पान की खेती कर रहे हैं। इस पहल से पान उत्पादक कृषक प्रतिकूल मौसम में भी पान की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे।

**प्रदर्शन प्लाट तैयार**

आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय के सहयोग से जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कुकुरमुड़ा एवं बीरूटोला में भी पान की खेती का प्रदर्शन प्लॉट तैयार किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस विशेष पहल की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान के विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे जिले में पान की खेती को पुनः स्थापित कर किसानों की आय में वृद्धि की जा सके।

## 3129 श्रमिकों को किया लाभान्वित

**खैरागढ़।** श्रम विभाग अंतर्गत असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल और भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के श्रमिकों के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया है। जिले के 3129 श्रमिकों को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उनके बैंक खाते में मंडल मुख्यालय द्वारा डीबीटी के माध्यम से कुल 1 करोड़ 14 लाख 17 हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की गई है। इसके तहत महतारी जतन योजना अंतर्गत 330 हितग्राहियों को राशि 20 हजार प्रति हितग्राही, कुल 66 लाख और श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 2799 श्रमिकों को 64 लाख 77 हजार रूपये से लाभांवित किया गया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
›वात रोग ›घुटने के दर्द ›पीठ व कमर दर्द ›स्पॉन्डिलाइटिस ›लिगामेंट के दर्द
›साइटिका ›गोल्फ एल्बो ›फ्रोजन शोल्डर ›शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026



# चंद्रग्रहण के साथ भद्रा का साया, तीन मार्च की अलसुबह होगा होलिका दहन!

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रंगों का त्योहार होली को लेकर अंचल में रौनक दिखने लगी है। इस बार मार्च महीने के पहले सप्ताह में ही यह पर्व आ गया है। हालांकि होलिका दहन के मुहूर्त को लेकर संशय की स्थिति देखने को मिल रही है। चंद्रग्रहण के साथ ही भद्रा का साया होने के चलते होलिका दहन के लिए सीमित समय ही मिल रहा है। स्थानीय पंडितों के अनुसार होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त कल अलसुबह 5 से है। इस दौरान भी महज 128 मिनट का मुहूर्त होलिका दहन के लिए बताया गया है।

उल्लेखनीय है कि होलिका दहन के लिए सबसे जरूरी है पूर्णिमा तिथि और प्रदोषकाल सूर्यास्त के बाद का समय का एक साथ होना। 2 मार्च को पूर्णिमा रात में शुरू तो होगी, लेकिन उस समय भद्रा का मुख होने की वजह से पूजा करना नुकसानदेह हो सकता है। शास्त्रों की मानें तो भद्रा मुख में अग्नि जलाना सुख-शांति के लिए ठीक नहीं है। वहीं 3 मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 5.07 बजे तक ही है, फिर भी नियम यह कहता है कि अगर पूर्णिमा शाम को खत्म हो जाए, तब भी उसी दिन के प्रदोषकाल में दहन करना श्रेष्ठ होता है। यही कारण है कि स्थानीय स्तर पर होलिका दहन का कार्यक्रम कुछ स्थानों में दो मार्च की रात भी किया जा रहा है। वहीं कई स्थानों में तीन मार्च की अलसुबह किया जाएगा। हालांकि कुछ स्थानों में दो मार्च की रात को भी होलिका दहन का आयोजन किया गया है।

## तीन मार्च को चंद्रग्रहण के चलते बंद रहेंगे मंदिरों के पट, चार को मनाई जाएगी होली

### मंदिरों के पट रहेंगे बंद

मां पाताल भैरवी मंदिर के सचिव गणेश शर्मा ने बताया कि चंद्रग्रहण को देखते हुए मंदिर के तीनों तलों में विराजमान देवी-देवताओं के साथ ही रामदरबार एवं पारेश्वर महादेव व श्री बर्फानी दादा के मंदिर के पट 3 मार्च को प्रातः आरती पूजन पश्चात सूतक प्रारंभ 9 बजे से चंद्रग्रहण समाप्ति संध्या 7 बजे तक बंद रहेंगे। इसके पश्चात देवी-देवताओं का गंगाजल व शुद्ध जलों से स्नान ध्यान करने के पश्चात आरती-पूजन की जाएगी। ऐसे ही जिलेभर में सभी मंदिरों के पट ग्रहण के चलते बंद रखे जाएंगे।



### बालाजी मंदिर में तीन मार्च को होगा होलिका दहन

सिद्धपीठ बालाजी महाराज मंदिर व बाल समाज परिवार द्वारा इस वर्ष ग्रहण की वजह से होली का दहन तीन तारीख मंगलवार सुबह 5 बजकर 40 मिनट को किया जाएगा। होलिका दहन के पूर्व आकर्षक आतिशबाजी किया जाएगा। दो मार्च प्रातःकाल से संध्या 5.55 बजे तक ठंडी (डंडा) होली का आयोजन भी रखा गया है।

### 4 को निकलेगी शोभायात्रा

शहर में होली पर्व पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई। आयोजन समित ने बताया कि 4 मार्च को श्री सत्यनारायण मंदिर से भगवान श्री राधाकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति ने लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील करते कहा है कि होली प्रेम, सौहार्द्र और सांस्कृतिक एकता का पर्व है। सभी श्रद्धालु भाईचारे के साथ उत्सव मनाएं और परंपराओं का सम्मान करें।

## खबर संक्षेप

### नशीली टेबलेट के साथ चार पकड़ाए

**राजनांदगांव।** होली पर्व के पूर्व से पुलिस अलर्ट है। धरपकड अभियान के तहत नशीले टेबलेट के साथ चार आरोपियों को पकड़ा गया। जिनसे 150 टेबलेट बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर नशीली कैप्सूल की बिक्री के फिराक में घूम रहे 3 धमतरी और 1 रायपुर के आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस की धारा 21-बी के अंतर्गत कार्रवाई कर सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल व बाल सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबीर द्वारा सूचना दिया गया कि लखोली अंडरब्रिज के नीचे कुछ लोग नशीले टेबलेट, कैप्सूल बिक्री करने आने वाले हैं। इस सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम द्वारा टीम तैयार कर सिविल टीम लगाकर रेकी किया गया। मौके पर 3 आरोपी उत्तम कुमार नगाची, खोमेन्द्र साहू एवं रोशन राजपूत तीनों निवासी कुरूद धमतरी और 1 विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 150 नग नारकोटिक्स टेबलेट कैप्सूल जब्त की गई। मौके पर कार्रवाई कर तीन आरोपियों को जेल भेजा गया।

### नशे के खिलाफ निकली जागरूकता रैली

**राजनांदगांव।** भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा द्वारा शहर में नशामुक्ति और मांसाहार के खिलाफ नशा मुक्ति सद्भावना जागरण रैली कुंआ चौक नंदई स्थित गुरू घासीदास भवन से निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुई वापस गुरू घासीदास भवन पहुंचकर संपन्न हुई। इस रैली में बड़ी संख्या में परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के साधक शामिल हुए। विश्व शांति, जनकल्याण, सामाजिक सद्भावना एवं धर्म रक्षा आत्मोत्थान के लिए कार्य करने वाली भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा गुरू घासीदास भवन में जिला स्तरीय आयोजन करते 24 घंटे का श्री दुर्गा चालीसा अखंड पाठ किया गया। वहीं शहर में रैली निकालकर नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता फैलाई गई। हाथों में ध्वज पताका और शंख लेकर बड़ी संख्या में महिला, पुरूष और बच्चे इस रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान महिलाओं ने शंख बजाकर जगरूकता के लिए नशामुक्ति का संदेश दिया। रैली के इस आयोजन में संगठन के पदाधिकारी कमलेश साहू, रेवती ध्रुव, सेवक सिन्हा, लेखराम वर्मा, रत्नेश वर्मा, रूपलाल वर्मा, कुलेश्वर साहू, जागेश्वरी साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। नशा मुक्ति जागरण रैली के आयोजन को लेकर संगठन के प्रांत उपाध्यक्ष घनश्याम नेताम ने बताया कि जनकल्याण के उद्देश्य से श्री दुर्गा चालीसा का अखंड पाठ और नशामुक्ति जागरण रैली निकाली गई है। उन्होंने कहा कि आज मांसाहार और नशे की तरफ लोग तेजी से बढ़ रहे हैं, जो समाज की बड़ी बुराई है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई है।

## संत कबीर के विचार आज भी प्रासंगिक: सीएम विष्णुदेव साय

# आयोजन के लिए 11 लाख की स्वीकृति, बनेंगे डोम-स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज डोंगरगांव विकासखंड के कबीरमठ धाम नादिया (खुज्जी) में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन में देशभर से पहुंचे सभी संतों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिवर्ष संत सम्मेलन के आयोजन के लिए 11 लाख रुपए की स्वीकृति दी। ग्राम नादिया में डोम के निर्माण, मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की। राजनांदगांव में कबीर साहेब के नाम से प्रवेश द्वार होगा। उन्होंने कहा कि संत सम्मेलन के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फाल्गुन महोत्सव के रूप में कबीरमठ धाम नादिया में तीन दिवसीय अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन तथा चौका आरती, सात्विक महायज्ञ और भंडारा का बहुत अच्छा आयोजन हो रहा है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल होने और संत समाज से मिलने का अवसर प्रदान करने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संत कबीरदास की प्रेरणास्थली में दानवीर भक्त मालगुजार मंगतू ठाकुर हल्बा आदिवासी समाज से है और उन्होंने स्वयं को कबीर पंथ को सौंप दिया है। प्रदेश के एक जिले का नाम संत कबीर के नाम से कबीरधाम है।

### कबीरमठ धाम नादिया (खुज्जी) में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सीएम





**सदैव गुरु के मार्ग पर चलना चाहिए :** सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि जशपुर जिले के उनके गृह ग्राम बगिया में कबीर पंथ के अनुयायी हैं और कुनकुरी में उनका आश्रम है, इसलिए वे कबीर पंथ के रीति-रिवाजों से परिचित है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार एवं संदेश आज भी प्रासंगिक और मार्गदर्शक है।

### प्रासंगिक है साहेब की शिक्षाएंः सांसद

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि सदगुरू सेवा साहेब और उनका पुण्य प्रताप इतना अधिक था। सद्गुरू सेवा साहेब की पुण्य परंपरा आज भी समाज को प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि आदिवासी संत मंगतुराम ठाकुर ने अपना सर्वस्व समाज और धर्म के लिए अर्पित कर त्याग और सेवा का अद्भूत उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस योगदान को समाज हमेशा स्मरण रखेगा। संत कबीर साहेब की वाणी का उल्लेख करते कहा गया कि उनकी शिक्षाएं प्रासंगिक है।

### घर-घर पहुंचे संदेश : मधुसूदन

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि संत कबीर साहेब के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते कहा कि संत कबीर एक मध्य मार्गी संत थे। उन्होंने जीवन में सभी धर्मों के प्रति समभाव और समानता का संदेश दिया है। महापौर ने कहा कि संत कबीर ने मानव समाज को प्रेम, भाईचारा और सदाचार का जो संदेश दिया है, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि यदि संत कबीर साहेब के आदर्शों और शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाए, तो परिवारों में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब ने भी संबोधित किया।

# पर्व से पहले सख्ती कोचियों पर एक्शन



## वारंटी को भी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने शराब कोचियों को पकड़कर 40 पौवा शराब बरामद किया है। वहीं 4 असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब कोचिया, असामाजिक तत्वों एवं लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। मुखबीर सूचना पर बायपास मोहरा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी मिलन निषाद 25 साल निवासी जोगीनगर के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन एवं 10 देशी मसाला मदिरा शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई

थाना क्षेत्रांतर्गत मोहल्ले में हो-हुल्लड करने के आरोपी जयप्रकाश रावटे 25 साल निवासी क्लब चौक, कमलेश रामटेके 52 साल निवासी जोगीनगर, विकास यदु 24 साल निवासी बांसपाईपारा, मयंक यादव 19 साल बांसपाईपारा को पकड़कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अभियान के तहत गिरफ्तारी वारंटी मोनू उर्फ मन्नू 21 निवासी मोहारा, प्रमोद प्रजापति 39 साल निवासी, नवीन गोयल 29 साल निवासी नंदई को पकड़कर कार्रवाई की गई।

## आपत्तिजनक, भ्रामक मुखौटों को किया जब्त

# होली के मुखौटों पर पुलिस की नजर, 179 दुकानों में की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व पर शांति, सुरक्षित सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने पुलिस अलर्ट है। पर्व के लिए बाजार में बिक रहे आपत्तिजनक, भ्रामक मुखौटों को जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। वहीं दुकानों की भी जांच पड़ताल की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान ऐसी दुकानों की जांच की गई, जहां भ्रामक, भय उत्पन्न करने वाले अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका वाले मुखौटे एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री का विक्रय किया जा रहा था। इस प्रकार जिलेभर में 179 दुकानों को चेक किया गया।

**प्रतिबंधित रंगों का उपयोग न करें**

फाग प्रतियोगिता या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में साउंड सिस्टम के उपयोग हेतु संबंधित एसडीएम से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। जबरन चंदा वसूली न की जाए, किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाया जाए तथा प्रतिबंधित रंगों का उपयोग न किया जाए। पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते ईमारती लकड़ी, फलदार एवं हरे वृक्षों की लकड़ी का उपयोग न करें, गोबर के कंडों से होलिका दहन करने की अपील की गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार का भ्रामक, दुष्प्रचारित संदेश प्रसारित न किया जाए। समाज के जिम्मेदार नागरिकों से भी समझाइश देने का आग्रह किया गया है।



### होली दुकानों से पुलिस ने की मुखौटों की जब्ती

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानों से आपत्तिजनक मुखौटे जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी प्रकार की ऐसी सामग्री का विक्रय न करें। जिससे सामाजिक सौहार्द्र, शांति व्यवस्था अथवा जनभावनाएं प्रभावित हो।

### होलिका दहन 12 बजे तक करें

सार्वजनिक मार्गों पर पत्थर अथवा अन्य अवरोधक न रखने, विद्युत लाइन, खंभों, ट्रांसफार्मर, टेलीफोन खंभों, डामर सड़क या मुख्य मार्ग, चौराहों के मध्य होलिका दहन न किया जाए। होलिका दहन घरों से दूर सुरक्षित स्थान पर किया जाए तथा रात्रि 12 बजे तक पूर्ण किया जाए।

### तीन सवारी पर होगी कार्रवाई

शराब पीकर वाहन चलाने, मोटर साइकिल पर तीन सवारी बैठाने एवं साइलेंसर से पटाखा जैसी आवाज निकालने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर वाहन जब्त किया जाएगा। वाहन न्यायालय में चालान प्रस्तुत किए जाने के पश्चात ही सुपुर्द किए जाएंगे।

### साऊंड सिस्टम पर होगी कार्रवाई

साउंड सिस्टम का उपयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार निर्धारित ध्वनि सीमा के अंतर्गत ही किया जाएगा। अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले साउंड सिस्टम संचालकों के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# फाग प्रतियोगिताओं में पहुंची टोलियां, गए गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम, भाईचारा एवं अपनत्व का प्रतीक होली पर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। लोग रंग-गुलाल और पिचकारी की खरीदी में लगे हुए हैं। वहीं शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पुरानी परंपरा के अनुरूप फाग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। शहर के जमातपारा, नवागांव, नया ढाबा, भरकापारा, चिखली सहित विभिन्न वार्डों में फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आज शहर के चिखली वार्ड में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय फाग प्रतियोगिता में दर्जनों फाग मंडलियों ने हिस्सा लेकर फाग गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी।



शहर में होली का उत्साह बढ़ता जा रहा है। रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानों के अलावा जगह-जगह नगाड़ों की थाप भी सुनाई दे रही है। वहीं होली पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न जगहों पर आयोजित होने वाली भाग प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शहर के चिखली वार्ड में राज्य स्तरीय फाग प्रतियोगिता के आयोजन का आनंद लेने बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हो रहे हैं।

### मंडलियों को किया जा रहा पुरस्कृत

शहर के चिखली स्थित बाल बुद्धि फाग प्रतियोगिता उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने बताया कि यहां लगभग 8 वर्षों से राज्य स्तरीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर की कई मंडलियों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रत्येक मंडली को लगभग 1100 रुपए दिया जाता है। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली मंडली को 5001, द्वितीय को 4001 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को 3001 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## सार समाचार

### स्वास्थ्य शिविर में पहले दिन 743 लोगों ने लिया लाभ



**राजनांदगांव।** सदर बाजार स्थित जैन बगीचा में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय "महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन शनिवार को 743 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। 28 फरवरी को शिविर का उद्घाटन 20 सूत्रीय कार्यक्रम के ऑनलाइन समिति के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख एवं पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी एवं ट्रस्टी जीवनचंद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा के करकमलों से हुआ। आयोजकों ने बताया कि शिविर का आयोजन कल 1 मार्च को भी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रविवार के शिविर में उक्त डॉक्टरों के अलावा डॉ. एएस दीक्षित, डॉ. एमके दिवाकर, डॉ. प्रकाश सदानी, डॉ. पारस सोनी, डॉ. आदित्य पारख एवं डॉ. चिन्मय डाकलिया की भी सेवाएं मिलेंगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### सड़कों और विद्युत खंभों के नीचे न करें होलिका दहन

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे पेड, पौधों की कटाई नहीं की जानी चाहिए, बल्कि इसके लिए सुखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़कों तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने कहा कि सड़कों पर होलिका दहन से सड़कें खराब होगी, इसलिए खुली जगह व सड़क के किनारे होलिका दहन किया जाए। सड़क को खराब होने से बचाने निगम द्वारा होलिका दहन स्थल में मुरूम डालकर घेरा बनाया जा रहा है। उक्त स्थल पर ही होलिका दहन किया जाए। उन्होंने बच्चों को होली के दिन जहरीले रासायनिक रंगों से बचने की सलाह दी है।

### शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** अमर जवान शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस पर 28 फरवरी को हाट बाजार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने छग बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, उनकी माता श्रीमती कुमारीबाई यदु, धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा यदु तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में शहीद यदु की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान राजेश जैन रानू, केवरा राय, जैनम बैद, सतीश साहू, अरूण साहू, मधु बैद, विजय राय, बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू, उपेन्द्र यादव, नागेश यदु शामिल रहे। इस अवसर पर महापौर श्री यादव सहित खूबचंद पारख व कोमल सिंह राजपूत ने शहीद संदीप यदु को श्रद्धांजलि देते अपने विचार रखे। अतिथियों ने भी शहीद संदीप यदु के शहादत को यादकर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर शहीद यदु के परिजन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### एबीवीपी ने सांसद के समक्ष रखी समस्याएं



**राजनांदगांव।** शहर के शैक्षणिक क्षेत्र में विद्यार्थियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अलग-अलग आयोजनों में प्रभावी प्रतिनिधित्व किया। एबीवीपी राजनांदगांव इकाई द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय तथा कमलादेवी राठी महाविद्यालय के पृथक-पृथक वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद को संबंधित महाविद्यालयों के अलग-अलग मांग-पत्र सौंपे गए। प्रत्येक आयोजन में उसी महाविद्यालय से जुड़ी विशिष्ट समस्याओं और छात्रहित के मुद्दों को विस्तार से रखा गया। एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव के नेतृत्व में सौंपे गए मांग पत्रों के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि विद्यार्थियों की समस्याएं केवल औपचारिक ज्ञापन नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, सुरक्षा, आधारभूत संरचना और भविष्य से सीधे जुड़ी हुई है। इस दौरान भूपेंद्र पाल, जीत शर्मा, कुलदीप पाल, चैतन्य द्विवेदी, मोहित साहू, धन्नू टंडन, पराग सिंह, पुरान साहू, अंकित महतो, जीतेश, देवशीष सेन एवं विवेक उपस्थित रहे।

### पीएम आवास योजना : बिचौलियों से रहे सावधान

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक बीएलसी स्वयं द्वारा आवास निर्माण इस योजना के तहत पात्र हितग्राही को आवास निर्माण करने हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए की चरणबद्ध स्तर पर जीओ टेकिंग की स्वीकृति के उपरांत स्पर्श पद्धति से आधार आधारित खाते में चार किस्तों में राशि हितग्राही के खाते सीधे हस्तांतरित की जाती है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आम जनसाधारण से आह्वान किया है कि अभी लगातार संज्ञान में आ रहा है कि किसी बिचौलिये द्वारा निकाय क्षेत्र के रहवासियों को लगातार मोबाइल फोन के माध्यम से व्यक्तिगत नाम चिन्हित कर फर्जी कॉल आ रहे हैं। जिसमें काल करने वाले के खाते में 2 हजार से 5 हजार तक राशि की मांग की जा रही है, की आप उनके बताए गए नंबर या क्यूआर कोड में राशि हस्तांतरित करने पर आपको उनके द्वारा आवास स्वीकृति की पूरी राशि प्रदान की जाएगी।

### विद्यार्थियों ने सीखी बांस से वस्तुओं के निर्माण की कला



**राजनांदगांव।** पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी मध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने प्री वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत बांस से वस्तुओं को बनाने की कला सीखी तथा बाजारों में मिलने वाले विभिन्न उपकरण बनाने सीखा, प्रीवोकेशनल ट्रेनिंग का उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके माध्यम से बच्चे स्वयं का व्यवसाय भी कर सकते हैं तथा अपने अंदर के स्किल को डेवलप कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य डॉ. अमित घोष एवं शिक्षकगण, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## एसपी के नेतृत्व में विभिन्न मार्गों में जवानों ने किया भ्रमण

# होली पर्व से पहले पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

## असामाजिक तत्वों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के साथ आज नगर क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान असामाजिक तत्वों में हडकंप मचा रहा।

पुलिस लाइन से प्रारंभ हुआ फ्लैग मार्च गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारतमाता चौक, गंज चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होते हुए संपन्न हुआ।

इस दौरान लगभग 300 पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना एवं असामाजिक तत्वों में कानून का भय उत्पन्न करना है।



### जिला पुलिस अलर्ट

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूर्णतः सजग एवं प्रतिबद्ध है। इस वर्ष विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर में 100 से अधिक फिक्स प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। 2.50 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टियां निरंतर गश्त करती रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। ड्रोन कैमरों के माध्यम से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर में सादी वर्दी में भी पुलिस बल व महिला पुलिस टीम तैनात रहेगी।

### पर्व भाईचारा से मनाए

राजनांदगांव पुलिस ने अपील की है कि होली पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाएं, जबरन रंग लगाने, अभद्र व्यवहार या विवाद की स्थिति से बचें, सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाहपूर्ण पोस्ट साझा न करें। यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें।

# फाइनल मैच में लंकेश बनी परशुराम कप की विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में आयोजित परशुराम कप सीजन-2 पर लंकेश-11 की टीम ने फाइनल मैच में कब्जा जमा लिया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया।

फाइनल मुकाबले में लंकेश की टीम ने 8 रन से जीत हासिल करते चित्रांश इलेवन को पराजित किया। आयोजन की विजेता एवं उपविजेता और तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को नगद पुरस्कार के साथ ही आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। आयोजन तथागत पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए, उप विजेता को 75 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम एवीएम वॉरियर्स को 30 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में शिक्षाविद इंजीनियर नीरज बाजपेयी, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और डीसीए के सचिव योगेश बागड़ी बतौर अतिथि मौजूद रहे।

पिछले 13 दिनों से जारी इस प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में अपने बेहतर खेल के चलते लंकेश इलेवन एवं चित्रांश इलेवन ने फाइनल में जगह बनाई। शुक्रवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर चित्रांश की टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी।

बल्लेबाजी करने उतरी लंकेश की टीम निर्धारित दस ओवर में महज 72 रन ही बना पाई। टीम की ओर से सत्यम शर्मा ने 29 और शीतल यादव ने 15 रन बनाए। चित्रांश की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते शंकर सिंह एवं शुभम साहू ने 3-3 और अभिषेक शर्मा ने दो विकेट हासिल किए। 73 रन के लक्ष्य का पीछा करते चित्रांश की टीम निर्धारित दस ओवर में 64 रन ही बना पाई। टीम की ओर से वसीम खान ने 21 एवं विपिन रात्रे ने 17 रन बनाए। लंकेश की तरफ से सन्नी रेवतकर ने लगातार तीन विकेट लिए। दुर्गेश निषाद, गुरप्रीत सिंह, देवेंद्र यादव एवं सत्यम शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। फाईनल मैच का मैन ऑफ द मैच सन्नी रेवतकर को दिया गया।

### 500 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

आयोजन समिति के अध्यक्ष तथागत पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 55 मैच खेले गए। विजेता टीम को 150000 रुपए नगद एवं विनर ट्रॉफी, स्व. विजय पांडे व स्व वसुंधरा पांडे की स्मृति में दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को 75000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी सुधा वर्मा डुमरडीह राजनांदगांव की तरफ से दिया गया। तीसरे पायदान पर रही एवीएम टीम को 31 हजार रुपए एवं रनिंग ट्रॉफी दी गई।

### शंकर बने बेस्ट प्लेयर, अजय बेस्ट बल्लेबाज

प्रतियोगिता के दौरान अपने शानदार खेल के चलते चित्रांश इलेवन के शंकर सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। वहीं सर्वाधिक रन बनाने वाले अर्थ वारियर्स के अजय वर्मा को बेस्ट बैट्समेन एवं एवीएम टीम के एमडी रजा को बेस्ट बॉलर का इनाम दिया गया। संपूर्ण टूर्नामेंट के अंपायर नरेश आहुजा, चंदन साहू, मोक्ष साहू एवम पूरण ने की। कॉमेंट्री योगेश सिन्हा, तहजीब ख़ान, अमोल वर्मा और विमल रम्मानी ने की।

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में होलिका दहन आज



**राजनांदगांव।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी आश्रम परिसर में कल 2 मार्च की मध्य रात्रि पश्चात होलिका दहन किया जाएगा एवं 3 मार्च को चंद्रग्रहण के चलते मंदिर के पट संध्या ग्रहण समाप्ति तक बंद रहेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में इस वर्ष 2 मार्च को मध्य रात्रि पश्चात विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया जाएगा। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द्र का यह पर्व फागुन की मस्ती व रंग-गुलाल के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से लोक कलाकार व बैगा ग्रुप के सदस्य इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ फाग गीतों की प्रस्तुति भी देते हैं।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, कुलबीर सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, लीलाधर सिंह के अलावा आसपास के मोहल्लेवासी व श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

### चंद्रग्रहण पर मंदिर के पट बंद रहेंगे

मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ के तीनों तलों में विराजमान देवी-देवताओं के साथ ही रामदरबार एवं पारेश्वर महादेव व श्री बर्फानी दादा के मंदिर के पट 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण प्रातः आरती पूजन पश्चात सूतक प्रारंभ 9 बजे से चंद्रग्रहण समाप्ति संध्या 7 बजे तक बंद रहेगी। इसके पश्चात देवी-देवताओं का गंगाजल व शुद्ध जलों से स्नान ध्यान करने के पश्चात आरती पूजन की जाएगी।

# 66281 किसानों को 273842 रुपए की अंतर राशि मिली

## पर्व से पहले राशि मिलने से किसानों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 24 लाख 28 हजार किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ रुपए की कृषि आदान सहायता राशि एकमुश्त हस्तांतरित की। बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लाक के रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राशि जारी कर विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से वर्चुअल संवाद भी उन्होंने किया। कार्यक्रम मे खरीफ विपणन वर्ष 25-26 में धान विक्रय करने वाले जिले के 66 हजार 281 किसानों को 273 करोड़ 8 लाख 42 हजार रुपए की अंतर राशि उनके बैंक खातों में सीधे जमा हुई। किसानों ने इस साल 3 लाख 75 हजार 755 क्विंटल धान का उपार्जन किया था।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिलीप सिंह मंगल भवन और जनपद पंचायत छुईखदान में किया गया। जिपं अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य अरुणा बनाफर, ललित चोपड़ा व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्होंने राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सहायता को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के प्रयासों से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। किसानों को धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन, उतेरा फसल, पशुपालन, मुर्गीपालन और बकरीपालन जैसे वैकल्पिक आय स्रोतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी सहित कृषि व संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# आरएएमपी योजना अंतर्गत इंडस्ट्री बैंकर मीट, जिला पंचायत के मैकल सदन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वाणिज्य व उद्योग विभाग अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, द्वारा आरएएमपी योजना तहत इंडस्ट्री बैंकर मीट का आयोजन किया गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक और जिन हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों में लंबित थे उनकी उपस्थिति में आयोजित मीट की अध्यक्षता जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने की। महाप्रबंधक, प्रणय बघेल ने आयोजन का उद्देश्य और इसके अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। वही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर प्रत्येक लंबित प्रकरण के संबंध में संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों से कारण पूछकर जिन प्रकरणों में स्वीकृति की प्रक्रिया प्रगति पर थी उनके लिए अंतिम तिथि निर्धारित करवाई गई ताकि हितग्राहियों व बैंकों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।




### संभावित उद्योगों पर विस्तृत चर्चा

मीट में औद्योगिक विकास नीति 24-30 अंतर्गत थ्रस्ट सेक्टर उद्योगों की जानकारी देने के अलावा जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों की सूची पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा उपरांत जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने कहा कि छोटे उद्योगों के पास प्रायः वित्तीय सलाहकार या चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे संसाधन उपलब्ध नहीं होते इसलिए बैंकों व शासकीय अधिकारियों को उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन सहयोग प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कि जिला मुख्यतः कृषि आधारित है, लगभग 70 से 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। जिले की प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत कम होने के कारण छोटे ऋण से व्यवसाय प्रारंभ कर क्रमिक रूप से उद्योग को विकसित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर बल देते हुए कहा कि कृषि प्रधान जिला होने के कारण यहां फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की व्यापक संभावना उपलब्ध हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चार्टेड अकाउंटेंस समुदाय के लिए ऐतिहासिक पहल, मेयर ने किया शुभारंभ

# सीए रीडिंग रूम एवं एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सीए रीडिंग रूम एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल (वाई-फाई सहित) का भव्य शुभारंभ सेकंड फ्लोर सत्यम आयतन मार्केट मठपारा राजनांदगांव में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह पहल द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भिलाई शाखा (सीआईआरसी) द्वारा की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह स्नात्र, पूजा एवं वास्तु पूजा से हुआ। तत्पश्चात भगवान श्री गणेश एवं माता सरस्वती के मंत्रोच्चारण के साथ रीडिंग रूम एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने सेकंड फ्लोर सत्यम आयतन मार्केट मठपारा में आयोजित समारोह में सीए रीडिंग रूम एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल (वाई-फाई सहित) का विधिवत उद्घाटन किया।

### की जाएगी मदद

मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समाज की आर्थिक व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने इस पहल को राजनांदगांव शहर के बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम की ओर से सीए समुदाय को भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी, तो हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।



### भविष्य में भी सामुहिक सहभागिता आपेक्षित

अंत में सीए प्रभजीत सिंह जग्गी ने अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि यह पहल सभी के सहयोग से संभव हो सकी है और भविष्य में भी सामूहिक सहभागिता अपेक्षित है। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए विद्यार्थी, व्यवसायी, अधिवक्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

### उत्कृष्टता का बनेगी केन्द्र

विशिष्ट अतिथि सीए पंकज शाह ने कहा कि यह रीडिंग रूम अपनी संरचना एवं आधुनिक सुविधाओं के कारण अद्वितीय है। यहां पूर्णतः एयर कंडीशंड कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रोजेक्टर, माइक सिस्टम एवं हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है, जो इसे अध्ययन के साथ-साथ सेमिनार, कार्यशाला एवं प्रोफेशनल बैठकों के लिए आदर्श केंद्र बनाती है। उन्होंने इसे अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणास्रोत बताया। सम्मानित अतिथि सीए अभय छाजेड़ ने कहा कि यह पहल केवल एक अध्ययन कक्ष नहीं, बल्कि प्रोफेशनल उत्कृष्टता का केंद्र बनेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित अध्ययन एवं सामूहिक प्रयास की महत्ता बताते इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। सीए राजेश कुमार बाफना ने स्वागत भाषण में कहा कि यह रीडिंग रूम राजनांदगांव के सीए समुदाय का सामूहिक सपना था, जो आज साकार हुआ है।


Happy Birthday
02 March
गांव -गरीब, किसान के लोकप्रिय नेता
मान. जिले की आन-बान-शान
नवाज़ भाई
को
पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत - राजू खॉन, फरूक खॉन, सोहेब अहमद खॉन, रवि साहू, प्रीति वैष्णव


Happy Birthday
02 March
Happy Birthday
02 March
गांव -गरीब, किसान के लोकप्रिय नेता
मान.
जिले की आन-बान-शान
नवाज़ भाई
पूर्व अध्यक्ष : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
उत्तम सिंह ठाकुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

**खबर संक्षेप**

### शिक्षक विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** संकुल केन्द्र समनापुर के तत्वाधान में 28 फरवरी को शिक्षक विदाई एवं स्वागत समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान एवं नव-पदोन्नत तथा स्थानांतरित होकर आए शिक्षकों का स्वागत करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे, केशलाल साहू (बीआरसीसी) एवं श्रीमती मुदिता गुप्ता (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी) थें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नव-पदोन्नत शिक्षकों में संकुल प्राचार्या श्रीमती ऊषा ठावरे, प्राचार्या श्रीमती हेमलता सोनी, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला भूपेंद्र कुमार माथले, प्रधान पाठिका प्राथमिक शाला श्रीमती शीला सिन्हा तथा स्थानांतरित होकर नवीन शाला में पदस्थ शिक्षकों में श्रीमती डेजी जॉय (प्रधान पाठिका माध्यमिक शाला) एवं श्रीमती अफसरी खान (प्रधान पाठिका प्राथमिक शाला) का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों सुश्री शशिपूर्णिमा श्रीवास्तव, बोधन लाल साहू एवं कोदूराम नेताम को श्रीफल, शाल, तिलक एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

फाग गीतों व नगाड़ों की जगह अब आधुनिक ध्वनि यंत्र डीजे ने ले ली

# गांवों में अब नहीं सुनाई देती पारंपरिक लोक गीतों पर नगाड़े की थाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

आधुनिकता की चकाचौंध में नगाड़ों की शोर गुम हो गई, पूर्व में होली पर्व के एक माह पहले ही नगाड़े बजना शुरु हो जाते थे, लेकिन आधुनिकता की चकाचौंध में नगाड़ों की शोर गुम हो गई। अब नगाड़ों की शोर कम ही सुनने को मिलते हैं। पूर्व में होली पर्व के एक माह पहले ही नगाड़े बजना शुरू हो जाते थे। जहां बड़ी संख्या में लोग फाग-गीत गाने व बजाने के लिए एकजुट हो जाते थे, लेकिन अब वह महज होलिका दहन और इसके दूसरे दिन ही नगाड़ा की गूंज सुनाई देता है। ग्रामीण अंचलों में रंगोत्सव पर नगाड़े की थाप कम हो चुकी है। पारंपरिक फाग-गीत कम ही सुनाई देती है। फाग गीतों व नगाड़ों की जगह अब आधुनिक ध्वनि यंत्र डीजे ने ले ली है। आधुनिकता की चकाचौंध में नगाड़ों की शोर गुम हो गई। अब नगाड़ों की शोर कम ही सुनने को मिलते हैं। पूर्व में होली पर्व के एक माह पहले ही नगाड़े बजना शुरू हो जाते थे। जहां बड़ी संख्या में लोग फाग गीत गाने व बजाने के लिए एकजुट हो जाते थे, लेकिन अब वह महज होलिका दहन और इसके दूसरे दिन ही नगाड़ा की गूंज सुनाई देता है। बदले दौर में नगाड़े की स्थान डीजे ने लिया है। अब लोग डीजे की धुन में थिरकते हैं। पहले फागुन लगते ही रात्रि में ग्रामीण अंचलों में नगाड़ों की शोर सुनाई देता था। चारों ओर फाग गीत गाने वाली की मस्ती भरा स्वच्छ पारंपरिक लोकगीत लोगों के उत्साह को दोगुना कर देता था।



**रंगोत्सव पर्व 04 मार्च का मनाया जाएगा**

रंगोत्सव पर्व आगामी 04 मार्च को मनाया जाएगा। इसके चलते छात्र वर्ग में उत्साह कम दिखाई दे रहा है। वहीं किसान काज में व्यस्त है। यहीं वजह है नगाड़े की आवाज गुम हो रहा है। पहले फागुन माह लगते ही बच्चे व युवा वर्ग तैयारी में जुट जाते थे।

**लोगों की मानसिकता में बदलाव**

आधुनिक दौर के साथ-साथ लोगों की मानसिकता भी बदलती जा रही है। इसके चलते परंपराओं में बदलाव आ रहा है, पहले फागुन माह लगते ही जगह-जगह फाग गीतों के लिए अलग से व्यवस्था की जाती थी। नगाड़े की शोर लोगों को घर से निकलने के लिए विवश कर देते थे। लोग कामकाज में व्यस्त होने के कारण समय नहीं निकाल पा रहे हैं।

**मंहगाई भी एक वजह**

रंगोत्सव नजदीक आते ही रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटे व मिठाइयों की कीमत में बेतहाशा वृद्धि हो जाती है। लोगों के उत्साह में कमी का एक कारण यह भी है। प्रत्येक त्यौहार पर महंगाई का असर देखने को मिलता है त्यौहारी सामानों की बेतहाशा बढ़ते दाम को देखते हुए लोग कम से कम चीजों में अपनी जरूरतों को पूरा करने में मजबूर है इसका परिणाम त्यौहार में देखने को मिलता है। समय के साथ बेतहाशा महंगाई से होली का रंग फीका होने लगा है। अब आधुनिकता के साथ फाग गीतों की परंपरा विलुप्त होती जा रही है। ग्रामीण इलाकों में कुछ लोग इस परंपरा को जीवित रखने में लगे हैं। युवा वर्ग इसे भुलते जा रहे हैं।



# ग्राम दौजरी में श्रीरुद्र महायज्ञ का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

ग्राम दौजरी में भक्ति, श्रद्धा और वैदिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञाचार्य प्रमोद शर्मा एवं समस्त वैदिक विद्वानों के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीरुद्र महायज्ञ का विधिवत एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं ने यज्ञ नारायण भगवान की भावपूर्ण परिक्रमा कर मंगलमय वातावरण का निर्माण किया। वेद मंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। देव पूजन एवं आहुतियां में समस्त आवाहित देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित की गई, जिससे वातावरण सुगंधित एवं पवित्र हो गया। साथ ही साथ तर्पण और वसोरधारा के पश्चात यज्ञ की पूर्णाहूति संपन्न हुई। इसके उपरांत भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस श्रीरूद्र महायज्ञ के समापन पर दिव्य अनुष्ठान के माध्यम से क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। वैदिक वचन यज्ञो वै विष्णु अर्थात यज्ञ ही साक्षात विष्णु हैं की भावना के साथ यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, वहीं समस्त आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

# राम्हेपुर कला के बालिकाएं सीख रहीं आत्मरक्षा व निडर और सतर्क रहने की गुर

## सशक्तिकरण व सुरक्षा को लेकर रानी लक्ष्मीबाई जैसे आत्मरक्षा की प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में छात्राओं को सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर रानी लक्ष्मीबाई जैसे आत्मरक्षा की प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के लिए 30 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सीख रही है। प्रशिक्षण कर्ता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि आज के वैज्ञानिक युग में हर महिलाओं और हर बालिकाओं को स्वयं सुरक्षा और सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है, इस प्रशिक्षण में बालिकाओं को जूडो-कराटे की बुनियादी तकनीकी गुर सिखाया जा रहा है, ताकि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्कूली बालिकाओं अपनी आत्म सुरक्षा और स्वयं सतर्क रह सके। इस तरह विभिन्न प्रकार की जूडो-कराटे की सीख रहे हैं और निडर और सतर्क रहने के लिए और एक-दूसरे से मुकाबला व संघर्ष के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में बालिकाओं के भीतर छिपे कई प्रकार की कमजोरी और डर और संकोच दूर होगी, कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, नीलम वर्मा, सुनीता कौशिक व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।



# कंझेटा में श्रीशिव महापुराण कथा कलश यात्रा के साथ संपन्न

- श्रीशिव महापुराण कथा 22 से 28 फरवरी तक आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में सात दिवसीय श्रीशिव महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आज विधि-विधान के साथ भव्य समापन हुआ। 22 से 28 फरवरी तक आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन कथा, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया। समापन दिवस पर प्रातः काल हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रों के साथ आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण पर निकलीं, जिससे पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य कान्हा महाराज (रामनगर सुपेला, भिलाई) ने शिव महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए भगवान शिव की भक्ति, धर्म और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण का श्रवण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। पूरे सप्ताह क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समापन अवसर पर महाआरती के साथ आयोजन का विधिवत समापन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से गांव एवं क्षेत्र में शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की गई।



## प्रशांत चंद्राकर का श्रीफल व फूल-माला से किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला के ग्राम पटेल के पद पर प्रशांत चंद्राकर को नियुक्त किया गया है, यह नियुक्ति पत्र अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया ने गत दिनों मंगलवार को दिया। इस गांव में लम्बे समय से यह पद रिक्त था। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 222 के तहत तहसील कुण्डा के पटेल पद पर नियुक्त आज ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में प्रशांत चंद्राकर ग्राम पटेल बनने पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि अजय चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, रमत भास्कर, दिना चंद्राकर कुलेश, राजा कश्यप, भोला चंद्रसेन, दिनेश चंद्राकर, शम्भू चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, अजय चंद्रवंशी, मन्नू चंद्राकर, दीपचंद कश्यप, शेखर चंद्रवंशी, लेखराम, तुलसी चंद्राकर, टाईगर चंद्राकर, सुरज चंद्राकर, सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी द्वारा सम्मान समारोह किया गया। साथ ही साथ ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में प्रशांत चंद्राकर ग्राम पटेल बनने पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि अजय चंद्राकर एवं पंचगनी एवं ग्रामवासी द्वारा सम्मान समारोह किया गया प्रशांत चंद्राकर को श्रीफल फूल माला एवं पटाखे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

# भारत माता चौक में सेनानी परिवार द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत माता चौक में प्रथम रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला द्वारा आयोजित एक दीपक शहीदों के नाम श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सर्वप्रथम सदस्यों द्वारा भारत माता व शहीदों को यादकर गुलाल लगाकर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया तथा दीपक प्रज्वलित कर वंदना किया गया तथा तीन बार परिक्रमा किया गया।

वहीं वंदे मातरम गीत सामूहिक गाया गया, भारत माता की जय, महात्मा गांधी की जय, शहीद सुखदेव, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद अमर रहे, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहे के नारों से वातावरण गूंजायमान रहा। इस अवसर पर सभी सदस्य एक-दूसरे को गुलाल माथे पर लगाए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला का चौथा एक दीपक शहीदों के नाम श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु, उपाध्यक्ष एसएस जैन, सचिव नरोत्तम महोबिया, कोषाध्यक्ष महेश महोबिया, सियाराम महोबिया, भंवर लाल लूनिया, श्रीमती केशरवानी उपस्थित थे। उक्त जानकारी डॉ नरेश कुमार यदु अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला द्वारा दी गई।




# अभाविप ने वनांचल क्षेत्र कोक्दाखार में होली सामग्री वितरण किया



- वनांचल रहवासियों परिवारों तक पहुंची खुशियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम के तत्वाधान में होली पर्व के पावन अवसर पर वनांचल क्षेत्र कोक्दाखार निवासरत जरूरतमंद एवं वंचित परिवारों के बीच रंग, गुलाल, पिचकारी एवं मिठाई का व्यापक वितरण किया गया। परिषद के इस सेवा कार्य से सैकड़ों परिवारों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। अभाविप कार्यकर्ताओं ने वनांचल के दूरस्थ बस्तियों में पहुंचकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को होली सामग्री भेंट की। बच्चों को पिचकारी एवं रंग-गुलाल पाकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए सामाजिक समरसता, स्वच्छता एवं सुरक्षित होली मनाने का संदेश भी दिया। प्रदेश सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक तुलसी यादव ने बताया कि अभाविप का उद्देश्य केवल छात्र हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ जुड़कर सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागिता निभाना है। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र में जाकर होली की खुशियां साझा करना परिषद के लिए सौभाग्य की बात है। परिषद सदैव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लेकर कार्य करती है। नगर मंत्री हिरेंद्र बघेल ने बताया कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का पर्व है। ऐसे सेवा कार्यों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। नगर सहमंत्री खेमलाल साहू ने कहा कि अभाविप के कार्यकर्ता वर्षभर विभिन्न सेवा गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं और आने वाले समय में भी वनांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वच्छता एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीणजनों ने परिषद के इस प्रयास की सराहना किया और सभी ने मिलकर सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया।

गांव-गांव कांग्रेस का अभियान, जन-विरोधी नीतियों पर होगा खुला प्रहार:नवीन

# नव-नियुक्त जिला कांग्रेस का कार्यकारिणी बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम की प्रथम जिला कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। टीम विस्तार के बाद आयोजित इस बैठक में जिले के सभी 8 ब्लॉकों एवं विभिन्न समाजों को प्रतिनिधित्व देकर संगठनात्मक एकजुटता का मजबूत संदेश दिया गया एवं सभी पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि संगठन को मजबूत कर एकता के साथ मिलजुलकर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचायेंगे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान करते हुए जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब संगठन केवल नाम का नहीं, काम का होगा। हर पदाधिकारी को मैदान में उतरना होगा, गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक कांग्रेस की ताकत दिखानी होगी। निष्क्रियता और औपचारिकता के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकरिणी में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंशा अनुरूप ज्यादा से ज्यादा युवाओ को स्थान दिया गया है ताकि युवा नेतृत्व आगे आ सके। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में वार्ड अध्यक्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत अध्यक्षों की शीघ्र नियुक्ति कर संगठन को अंतिम पंक्ति तक सक्रिय किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम तैयार कर जनता की आवाज बुलंद की जाएगी।

श्री जायसवाल ने दो टूक कहा कि जनता के अधिकारों पर चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। आने वाले समय में गांव-गांव जाकर जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा और आम जनता के हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी। बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि आने वाले 2028 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य मानते हुए अभी से संगठन को चुनावी मोड़ में लाया जाएगा और कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से रणनीति लागू की जाएगी। बैठक में जिले के कार्यकरिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और एक-जुटता से काम करने का संकल्प लिया।

# सड़क पर मवेशियों का झुंड, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर में सड़कों के बीचों-बीच व व्यस्त चौराहों पर आवारा मवेशियों का डेरा डालना एक गंभीर समस्या बन गया है। यह न केवल भारी ट्रैफिक जाम का कारण बन रहे हैं, बल्कि रात के समय और व्यस्त समय में अचानक सड़क पर आने से सड़क हादसों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है,

जिससे आम लोग व दोपहिया वाहन चालक परेशान हैं। इसे लेकर नगर पालिका को ध्यान देना चाहिए व मवेशियों को पकड़ कर गौ शाला भेजना चाहिए।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पीजी कॉलेज कवर्धा में प्रायोगिक परीक्षा

**कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा ने प्रायोगिक परीक्षा को लेकर शेड्यूल जारी किया है। इस संबंध में शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय कवर्धा प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा के लिए जारी शेड्यूल के तहत बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष बायोटेक्नोलॉजी विषय के सभी छात्र/छात्राओं की बॉयोटेक्नोलॉजी की प्रायोगिक परीक्षा दो मार्च को सुबह 9 बजे से होगी।

# चंद्र ग्रहण के फेर में फंसी होलिका दहन और होली की तिथि, 2 मार्च की रात या 3 मार्च सुबह शुभ मुहूर्त?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस बार होली पर्व इस बार विशेष खगोलीय स्थिति के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। 3 मार्च को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण और उससे जुड़े सूतक काल के कारण होलिका दहन के शुभ मुहूर्त को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूतक काल में धार्मिक अनुष्ठान वर्जित माने जाते हैं, इसलिए होलिका दहन के लिए 2 मार्च की रात भद्रा पुच्छ के समय अथवा 3 मार्च की सुबह का समय अधिक सुरक्षित और शुभ माना जा रहा है। वहीं रंगों वाली होली यानी धुलेंडी 3 मार्च के बजाय 4 मार्च को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की रात्रि में भद्रा काल समाप्त होने के बाद ही किया जाता है। इस वर्ष पूर्णिमा तिथि और चंद्र ग्रहण एक साथ पड़ने से पारंपरिक समय में परिवर्तन की स्थिति बनी है। ज्योतिष विद्वानों का कहना है कि ग्रहण के सूतक काल में पूजा और धार्मिक अनुष्ठान नहीं किए जाते, इसलिए ग्रहण से पूर्व या ग्रहण समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन करना उचित रहेगा। कवर्धा सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारियां जोरों पर हैं। विभिन्न मोहल्लों, चौक-चौराहों और गांवों में होलिका दहन स्थल निर्धारित कर लकड़ी, उपले और पूजन सामग्री एकत्रित की जा रही है। नगर के गांधी मैदान, करपात्री चौक, बाजार क्षेत्र सहित कई स्थानों पर पारंपरिक रूप से होलिका दहन की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। बच्चे और युवा होलिका के लिए लकड़ी एवं अन्य सामग्री जुटाने में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं।

### लोगों में होलिका दहन को लेकर उत्साह



कवर्धा सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में भी होलिका दहन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गांवों में लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार होलिका की स्थापना कर पूजा-अर्चना की तैयारी कर रहे हैं। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है, इसलिए लोग इस पर्व को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाते हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग भी पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सतर्क है। प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है तथा नागरिकों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की जा रही है।

### 2 मार्च को होलिका दहन माना जा रहा है उचित

धार्मिक जानकारों के अनुसार 2 मार्च की रात्रि भद्रा पुच्छ में होलिका दहन करना सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा। वहीं जिन स्थानों पर यह संभव नहीं होगा, वहां 3 मार्च की सुबह होलिका दहन किया जा सकता है। इसके बाद 4 मार्च को धुलेंडी यानी रंगों की होली उत्साह और उमंग के साथ मनाई जाएगी। चंद्र ग्रहण के कारण तिथियों में आए इस बदलाव के बावजूद लोगों में होली पर्व को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है। कवर्धा सहित पूरे अंचल में लोग परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन और होली मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं तथा पर्व को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**उपलब्धि:** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल रंग लाई, जबलपुर से रायपुर तक बेहतर कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त

# एनएच-30 के 4-लेन विस्तार को केंद्र सरकार की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (एनएच-30) के महत्वपूर्ण हिस्सों के 4-लेन उन्नयन को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिल गई है।

इस निर्णय से जबलपुर से रायपुर तक सीधी और सुगम 4-लेन कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त हो गया है। साथ ही, लंबे समय से प्रतीक्षित कवर्धा बायपास निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है, जिससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जबलपुर से रायपुर के बीच बढ़ते यातायात दबाव और जनसुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।

उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि एनएच-30 छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जो व्यावसायिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से अहम भूमिका निभाता है। इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

उन्होंने बताया था कि जबलपुर से मंडला होते हुए चिल्फी तक लगभग 160 किलोमीटर मार्ग को 4-लेन में उन्नयन की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इसके साथ ही चिल्फी धरईपानी से सिमगा होते हुए रायपुर तक शेष लगभग 122 किलोमीटर मार्ग को भी 4-लेन में परिवर्तित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। केंद्र सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृति दिए जाने के बाद अब पूरे मार्ग पर 4-लेन सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

### जिला मुख्यालय कवर्धा में बायपास निर्माण को भी मंजूरी



**डिप्टी सीएम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति जताया आभार**

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश के बीच संपर्क और मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सड़क के 4-लेन बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को भी नई दिशा मिलेगी। इस स्वीकृति से कबीरधाम जिले सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

इस परियोजना के तहत जिला मुख्यालय कवर्धा में बायपास निर्माण को भी मंजूरी मिली है। बायपास बनने से भारी वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश नहीं करना पड़ेगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही, सड़क सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि एनएच-30 के 4-लेन विस्तार से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। बेहतर सड़क सुविधा से व्यापार, परिवहन, पर्यटन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को तेज, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा।

# कवर्धा में अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार

## 56 पौवा अवैध शराब की गई जप्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत घुघरी रोड अटल आवास मार्ग पर अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 48 नग पौवा शोले प्लेन एवं 08 नग पौवा रोमियो प्लेन देशी मदिरा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि घुघरी रोड अटल आवास मार्ग पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस सूचना के आधार पर कवर्धा कोतवाली के सहायक उप निरीक्षक सुरेश जायसवाल के नेतृत्व में हमराह स्टाफ आरक्षक धर्मेन्द्र मेरावी, आरक्षक अजय वैष्णव, आरक्षक हिरेन्द्र साहू एवं आरक्षक दिलहरण मरकाम द्वारा घुघरी रोड अटल आवास जाने वाले मार्ग पर पुल के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई।

रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी अनिल सारथी पिता शिव सारथी उम्र 27 वर्ष निवासी घुघरी रोड अटल आवास, ग्राम घुघरी कला, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 48 नग पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा 180 एमएल प्रत्येक एवं 08 नग पौवा रोमियो प्लेन देशी मदिरा 180 एमएल प्रत्येक कुल 10.080 बल्क लीटर शराब तथा बिक्री रकम 200 रुपये जप्त की गई। जप्तशुदा शराब की कुल कीमत 4,640 रुपये आंकी गई है।

आरोपी द्वारा शराब रखने एवं विक्रय संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख, 34(2) के अंतर्गत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जहां से आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया।

# अमन पाटस्कर बने जिला कांग्रेस के महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

इस घोषणा के तहत कांग्रेस संगठन में लंबे समय से सक्रिय, समर्पित और युवा नेता अमन पाटस्कर को जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। अमन पाटस्कर को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा आधिकारिक सूची जारी होते ही उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्र के नागरिकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कांग्रेस संगठन से जुड़े लोगों का मानना है कि अमन पाटस्कर लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव और युवा नेतृत्व क्षमता से नगर सहित पूरे जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की गतिविधियों को गति मिलेगी।

उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और संगठन को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# होली पर्व पर पुलिस सतर्क, सघन चेकिंग एवं निरीक्षण जारी

- शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में जुटी जिला पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर जिलेभर में निगरानी बढ़ा दी गई है तथा अधिकारियों को बाजार व्यवस्था सुदृढ़ रखने, अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी कवर्धा आशीष शुक्ला तथा थाना प्रभारी कोतवाली योगेश कश्यप ने पुलिस जवानों के साथ शहर के प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख बाजार, मछली बाजार, बस स्टैंड, रेवाबांध तालाब, गांधी मैदान सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से संवाद कर होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। चेकिंग के दौरान कुछ दुकानों में चिलम की बिक्री पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई तथा मौके पर ही चिलम को नष्ट कराया गया। साथ ही भविष्य में ऐसे सामान की बिक्री नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई।

पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं असामाजिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी आशीष शुक्ला ने बताया कि होली पर्व के दौरान विशेष पुलिस टीम द्वारा लगातार गश्त, वाहन चेकिंग और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। वहीं थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने कहा कि बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने में दें।

### एनएच-30 में भिड़े तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर वाहन, एक की मौत




**कवर्धा।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते कुछ दिनो की बात की जाए तो लगातार जिले के अगल-अलग थाना क्षेत्रों से सड़क दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही है। बीते हप्तेभर की ही बात की जाए को कवर्धा कोतवाली से लेकर, जिले के कुकदुर, पंडरिया, दशरंगपुर पुलिस क्षेत्रांतर्गत अन्य ईलाकों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में करीब चार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। ताला हादसा जिले के दशरंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 कवर्धा-रायपुर मार्ग स्थित ग्राम अगरी के पास का बताया जा रहा है। जहां शनिवार-रविवार की रात ट्रेलर और कंटेनर के बीच भीषण भिडंत हो गई। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि देर रात हुए इस हादसे के बाद ट्रेलर वाहन चालक घंटों वाहन के कैबिन में फंसा रहा। बात में राहगीरों ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन में फंसे चालक को बाहर निकाला लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक रायपुर की ओर जा रहा था जबकि ट्रेलर वाहन चालक रायपुर से कवर्धा की ओर आ रहा था। जानकारी यह भी मिली है दोनो वाहन चालक रात में लापरवाही पूर्वक और तेज गति से वाहन चला रहे थे जिसके चलते यह हादसा हुआ है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आयोजकों ने एफएलएन मेला में जिले की स्मार्ट माता का किया गया सम्मान**

# जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं एफएलएन मेला का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप शाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी सत्र 2026-27 में प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत करना तथा उनके माता-पिता, विशेषकर माताओं और समुदाय को शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक गोपाल वर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ माताओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों का पारंपरिक स्वागत किया गया। माता संवाद एवं प्रेरणा सत्र, बाल कला, गीत, खेल और कहानी जैसी शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा को उत्सव के रूप में मनाया गया। विशेष रूप से स्मार्ट माता की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिन्हें शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को अपेक्षित दक्षताओं तक पहुंचाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। माताओं को घर पर बच्चों के लिए सीखने-सिखाने का अनुकूल वातावरण तैयार करने के उपाय भी बताए गए, जिससे बच्चों के कौशल का समग्र विकास हो सके। 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाने के लिए 10 काउंटर लगाकर सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले बच्चों की शाला प्रवेश से संबंधित तैयारी कैसे करे इस संबंध में जानकारी शिक्षकों द्वारा दी गई। माताएं अपने बच्चों के साथ रोचक खेल गतिविधियों में शामिल हुईं। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के डीएमसी विनोद श्रीवास्तव, एपीसी राकेश चंद्रवंशी, राजेश कौशिक, बीआरसी कन्हैयालाल साहू, बीआरपी नरेश कुमार सोनी सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अधीक्षिका एवं शिक्षिकाओं ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड से एफएलएन स्टॉल लगाए गए, जिनमें संबंधित शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। अतिथियों के रूप में श्रीमती किरण चौबे, श्रीमती आशा पटवा, श्रीमती झामीन साहू, श्रीमती पार्वती राजेंद्र पाली एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्यामलता साहू उपस्थित रहीं।

# होली के पर्व को लेकर नगर पंचायत पाण्डातराई में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई



होली पर्व के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पांडातराई पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली के दौरान नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा नागरिकों के सहयोग से त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना था। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने उपस्थित नागरिकों से होली पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि त्योहार के दौरान हुड़दंग करने, जबरन रंग लगाने, शराब पीकर उत्पात मचाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा पर्व के दौरान विशेष निगरानी और गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार रखे और शांतिपूर्ण होली मनाने के लिए पुलिस प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही किसी भी पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सकता है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, व्यापारिक संघ अध्यक्ष विजय गुप्ता, विश्राम साहू, अमन पाटस्कर, पुष्कर लहंगीर, रामू पाण्डेय, संतोष गोयल, प्रदीप जायसवाल, अखंडा मिश्रा, डिंडोर, बिल्लू खान, फिरोज खान, सुरेंद्र कुंभकार सहित थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्यौहार के दौरान शांति बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके।